आकाशवाणी

देहरादून (उत्तराखण्ड)

बृहस्पतिवार 02.01.2025

समय 7.20

पहले मुख्य समाचार :–

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने डाई अमोनियम फास्फेट–डीएपी उर्वरकों पर एकमुश्त विशेष राहत पैकेज के विस्तार को मंजूरी दी। डीएपी खाद की बोरी एक हजार 350 रुपये की दर से मिलती रहेगी।
- मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और पुनगर्ठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना को वर्ष 2025–26 तक जारी रखने का फैसला लिया।
- नगर निकाय चुनाव के नामांकन पत्रों की जांच में 202 नामांकन रद्द। प्रत्याशियों के लिए नाम वापसी का आज अंतिम दिन।
- राज्य सरकार और भारत–तिब्बत सीमा पुलिस बल के बीच सीमांत क्षेत्रों में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए समझौता हुआ।
- 38वें राष्ट्रीय खेलों के लिए वॉलंटियरों का पंजीकरण जारी है। अब तक 30 हजार लोगों ने पंजीकरण कराया।

## मंत्रिमण्डल निर्णय

केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने डाई अमोनियम फॉस्फेट–डीएपी उर्वरकों पर एक मुश्त विशेष राहत पैकेज का विस्तार करने का फैसला किया है। डीएपी उर्वरकों पर पोषक तत्व आधारित सबसिडी बढाकर तीन हजार पांच सौ रुपये प्रति मीट्रिक टन करने की मंजूरी दी गई है। इससे किसानों को किफायती मूल्य पर डीएपी की उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगी।

मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना को भी जारी रखने का फैसला किया है। श्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि इस योजना के अन्तर्गत बीमित किसानों में 88 प्रतिशत छोटे और सीमांत किसान शामिल है। श्री वैष्णव ने कहा कि पिछले आठ वर्षों में किसानों को बीमा योजना के अन्तर्गत एक लाख 70 हजार करोड रुपये की राशि का भुगतान किया गया। उन्होंने कहा कि नववर्ष–2025 में मंत्रिमंडल की पहली बैठक किसानों को समर्पित है।

## नामांकन पत्र जांच

राज्य के नगर निकाय चुनावों के लिये पिछले दो दिन नामांकन पत्रों की जांच की गई। प्रदेश के 100 नगर निकायों में 202 नामांकन रद्द किये गये। प्रत्याशी आज निकाय चुनाव से अपना नाम वापस ले सकते हैं। नाम वापसी की समाप्ति के बाद प्रत्याशियों की अंतिम सूची जारी की जाएगी। प्रदेश के निकाय चुनावों में मेयर पद के लिये कुल एक सौ दो नामांकन आये, जिनमें से दो रद्द हो गए। 43 नगर पालिका में अध्यक्ष पद के लिये दो सौ पचासी नामांकन प्राप्त हुये, जिनमें से 20 निरस्त किये गए। वहीं, 46 नगर

पंचायतों में अध्यक्ष के 302 नामांकनों में से 12 रद्द कर दिए गये। गौरतलब है कि प्रत्याशियों की अंतिम सूची जारी होने के बाद कल सभी प्रत्याशियों को चुनाव चिह्न आवंटित किये जांएगे। निकाय चुनावों के लिये मतदान 23 जनवरी को होगा, जबकि मतगणना 25 जनवरी को की जाएगी।

फिल्म महोत्सव

नैनीताल जिले के कुमाऊं विश्वविद्यालय के यूजीसी–एम०एम०टी०टी०सी परिसर में कल से आठवां 'कौतिक' अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव आयोजित किया जाएगा। फिल्म महोत्सव के निदेशक राजेश साह ने बताया कि कौतिक का उद्देश्य युवा और नए फिल्म निर्माताओं को प्रोत्साहन देना है। महोत्सव में फिल्म प्रदर्शन के साथ ही पुस्तक विमोचन, खुली चर्चाएं और पैनल चर्चाएं भी आयोजित की जाएंगी। इस दौरान विभिन्न देशों की फिल्मों का प्रदर्शन किया जाएगा।

ट्रेन सात दिनों के लिए रद्द

पंजाब में चल रहे किसानों के आंदोलन के कारण देहरादून से पंजाब जाने वाली ट्रेन सात दिनों के लिए रद्द कर दी गई है। देहरादून रेलवे स्टेशन के अधीक्षक रविंद्र कुमार ने बताया कि किसान आंदोलन के चलते वरिष्ठ वाणिज्यिक प्रबंधक मुरादाबाद मंडल ने अमृतसर से देहरादून आने वाली ट्रेन दो से सात जनवरी और दून से अमृतसर जाने वाली ट्रेन को तीन से आठ जनवरी तक के लिए रद्द कर दिया है।

समझौता

उत्तराखंड सरकार और भारत–तिब्बत सीमा पुलिस बल ने सीमांत क्षेत्रों में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए एक समझौता किया है। इस पहल के तहत सीमावर्ती क्षेत्रों में हेलीकॉप्टर सेवाओं का विस्तार किया जाएगा। प्रमुख धार्मिक स्थलों जैसे आदि कैलाश, ओम पर्वत, और तिम्मरसैंण महादेव तक पहुंचने में मदद के लिए हैली सेवाएं शुरू होंगी। इसके साथ ही, वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम के तहत सीमांत गांवों का विकास और ग्रामीणों की आजीविका को बेहतर बनाने पर ध्यान दिया जाएगा। आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं के लिए भी हैलीपैड का उपयोग किया जाएगा। उत्तरकाशी, चमोली और पिथौरागढ़ में यह परियोजना लागू होगी।

वॉलंटियर

उत्तराखंड में 38वें राष्ट्रीय खेलों के लिए वॉलंटियरों का पंजीकरण जारी है। अब तक 30 हजार लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया है, जबकि जरूरत सिर्फ दो से ढाई हजार वॉलंटियर की है। चयनित वॉलंटियर को प्रशिक्षण और राष्ट्रीय खेल प्रमाणपत्र मिलेगा। यह डाटा बेस भविष्य के आयोजनों जैसे इन्वेस्टर समिट और जी–20 समिट के लिए भी उपयोगी होगा। खेल विभाग का उद्देश्य है कि इस प्रक्रिया के माध्यम से मजबूत मानव संसाधन तैयार हो। रजिस्ट्रेशन करने वाले हर व्यक्ति को उनकी भूमिका के बारे में जानकारी दी जाएगी, ताकि भविष्य में भी बड़े आयोजनों के लिए वॉलंटियर आसानी से उपलब्ध हो सकें।

## राष्ट्रीय खेल

38वें राष्ट्रीय खेलों की मशाल पिथौरागढ़ के धारचूला बाजार, झूला पुल और समवाय मुख्यालय पहुंची। इस दौरान स्थानीय नागरिकों और स्कूली बच्चों ने मशाल का भव्य स्वागत किया। जवाहर सिंह नबियाल स्टेडियम धारचूला में जवाहर संस्था समिति और रंगमंच के पदाधिकारियों के साथ महिलाओं ने मशाल को सम्मानित किया। पड़ोसी देश नेपाल के नागरिकों ने भी मशाल का स्वागत किया। उन्होंने मोलियों और मशाल के साथ फोटोग्राफ साझा कर अपनी खुशी व्यक्त की। गौरतलब है कि उत्तराखंड में आगामी 28 जनवरी से 14 फरवरी 2025 तक आयोजित होने वाले 38वें राष्ट्रीय खेलों के तहत पिथौरागढ़ में बॉक्सिंग के मुकाबले आयोजित किये जाएं।

## दीक्षांत समारोह

उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय का 9वां दीक्षांत समारोह हल्द्वानी स्थित विश्वविद्यालय परिसर में 4 जनवरी को आयोजित किया जाएगा। इस मौके पर कुल 13 शोधार्थियों को पीएचडी, 2 विद्यार्थियों को कुलाधिपति स्वर्ण पदक और 20 विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक प्रदान किए जाएंगे। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह उपाधियाँ और पदक प्रदान करेंगे। इसके अतिरिक्त स्नातक के 9 हजार 828 विद्यार्थियों को डिग्री भी प्रदान की जाएगी। समारोह में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, उच्च शिक्षा मंत्री डा. धन सिंह रावत और नैनीताल–उधमसिंह नगर के सांसद अजय भट्ट भी उपस्थित रहेंगे।

## दुर्घटना

बागेश्वर जिले के तहसील कपकोट मे बदियाकोट से सोराग की तरफ आ रही एक ऑल्टो कार के पिंडर नदी में गिरने से तीन लोगों की मृत्यु हो गई। इस हादसे में एक महिला लापता है, जिसकी खोजबीन के लिये एस०डी०आर०एफ सर्च ऑपरेशन चला रही है। उधर, एक अन्य सड़क हादसे में दिल्ली–यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग को बंशीपुर के पास एक पिकअप और कार की आमने–सामने की टक्कर में कार चालक की मृत्यु हो गई। इस हादसे में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

## स्कूलों में अवकाश

शिक्षा विभाग ने स्कूलों में छुट्टियों का कैलेंडर जारी कर दिया है। इस वर्ष ईगास बग्वाल और हरेला पर भी स्कूलों में छुट्टी रहेगी। वहीं, 5 हजार फीट से अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों के विद्यालयों में सर्दियों में 26 दिसम्बर से 31 जनवरी 2026 तक 37 दिन का अवकाश रहेगा। जबकि इससे कम ऊंचाई वाले क्षेत्रों में एक से 13 जनवरी तक 13 दिन की छुट्टी रहेगी। इन विद्यालयों में गर्मियों की छुट्टी 20 से 30 जून 2025 तक रहेगी। वहीं, कम ऊंचाई के क्षेत्र वाले विद्यालयों में गर्मी की छुट्टी 27 मई से 30 जून 2025 तक रहेगी।

अब एक नज़र समाचार पत्रों की सुर्खियों पर——

केंद्रीय मंत्रिमण्डल की बैठक और इसके निर्णयों को सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता के साथ स्थान दिया है। हिंदुस्तान समाचार पत्र की ख़बर है— किसानों को सस्ती खाद मिलते रहेगी। समाचार पत्र प्रधानमंत्री के हवाले से लिखता है— नए वर्ष का पहला निर्णय किसानों को समर्पित। इसी ख़बर पर अमर उजाला लिखता है— पीएम फसल योजना का आवंटन बढ़ा, डीएपी पुरानी कीमतों पर ही मिलेगा। खाद का पचास किलोग्राम का बैग एक हजार तीन सौ पचास में ही।

हमारी विरासत और विभूतियां पुस्तक को सरकार की मंजूरी। राष्ट्रीय सहारा समाचार पत्र ने इस ख़बर पर के अनुसार इस पुस्तक से प्रदेश की भावी पीढ़ी समद्ध सांस्कृतिक लोक विरासत और महान विभूतियों की जीवनी से परिचित हो सकेंगे।

नवोदय टाइम्स एक ख़बर पर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी के हवाले से लिखता है— हर क्षेत्र मं अग्रणी बनेगा उत्तराखंड। कर्मचारियों अधिकारियों के साथ मुख्य सचिव ने लिया नई ऊर्जा के साथ काम करने का संकल्प लिया।

गढ़वाल कुमाऊ को जोड़ने वाले हाईवे चौड़ा होगा। इस शीर्षक के साथ हिंदुस्तान समाचार पत्र की ख़बर है— 255 किलोमीटर लंबे कर्णप्रयाग—ज्योलीकोट हाईवो को चौड़ा किया जाएगा। इस पर दो नई टनल, तीस पुल और छह बाईपास बनेंगे। शिक्षकों को मिल सकती है गृह जनपद में तैनाती। इस ख़बर पर अमर उजाला की सुर्खी है— शिक्षा निदेशालय शासन को भेजेगा प्रस्ताव, महानिदेशक ने दिये निर्देश।